M. J. Govt. College for Girls, Pillukhera (Jind)
Legal Literacy Cell & History Dept.
Activities Report.

आज दिनांक 19 अप्रैल 2024 को महाविद्यालय प्रांगन में प्राचार्या डॉ तनाशा हुड्डा जी के निर्देशन में लीगल लिटरेसी सेल और इतिहास विभाग के सयुंक्त तत्वाधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में 21 छात्राओं ने भाग लिया ।प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्री संजय कुमार, श्री रजत व श्री संजीव कुमार ने निभाई।इस प्रतियोगिता में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,बी कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा खुशी दूसरे स्थान पर रही और बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने तीसरा स्थान हासिल किया। legal literacy cell और इतिहास विभागाध्यक्ष श्री ग्रीन कुमार ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और आगे भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या श्रीमति बबिता पवार ने छात्राओ को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए वह उनका प्रयोग सही कार्यों के लिए करना चाहिए।इस मौके पर महाविद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

19/04/2024
Convener

Principal
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

Maharshi Jamadagni
GOVT. COLLEGE FOR GIRLS, PILLUKHERA (JIND)


Azadi ka Amrit Mahotsav

**Activities Photos**

Essay writing competition

Under legal literacy cell and department of history

dated: 19 April 2024




## निबंध लेखन में नेहा प्रथम व खुशी द्वितीय



अलेवा | महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. तनाशा हुड्डा के निर्देशन में लीगल लिटरेसी सेल और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका संजय, रजत व संजीव कुमार ने निभाई। जिसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा ने प्रथम, बीकॉम तृतीय वर्ष की खुशी द्वितीय व बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति तृतीय रही। इतिहास विभागाध्यक्ष ग्रीन कुमार ने कहा कि छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

Ramesh Kumar
Legal Literacy Incharge

Principal प्राचार्य
Maharshi Jamadagni
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind) Hr.

# Govt. College for Girls, Pillukhera(Jind)

**Poster making competition under NSS & Legal Literacy Cell on Girls Education, Plastic Free Haryana Drug Free Youth, Environment Conservation**

# Activity Report

आज दिनांक 04-09-2023 को राजकीय कन्या महाविद्यालय, पिल्लूखेड़ा में राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना एवं लीगल लिटरेसी सेल के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य विषय नशा मुक्ति अभियान, ड्रग एडिक्शन, पर्यावरण संरक्षण, बालिका शिक्षा व प्लास्टिक मुक्त हरियाणा रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने इन विषय पर पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रविंद्र ने स्वयंसेविकाओं की इन विषयों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि हम एक स्वस्थ व सुंदर समाज का निर्माण कर सके। प्रतियोगिता में क्षीर नीर विवेकी निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती सुरक्षा (सहायक प्राध्यापिका गणित), श्रीमान रजत व श्रीमान संजीव (सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग) ने निभाई। कार्यकारी प्राचार्या श्रीमती बबीता पवार ने छात्राओ को आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी छात्राओ के पोस्टर देखे व छात्राओ की सराहना की। निर्णायक मंडल से श्रीमान रजत जी ने निर्णय सुनाया। श्री ग्रीन कुमार ने कोई स्थान प्राप्त न करने वाली छात्राओ से परिणाम से निराश न होकर आगे ओर कडी मेहनत करने व कभी हार न मानने की भावना अपनाने की प्रेरणा दी।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम अंशु (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय निशु (बीए द्वितीय वर्ष), तृतीय कोमल (बीए द्वितीय वर्ष) रही।

Ravinder
4/9/23
Convenor

Co-Convenor

Principal

Principal
Govt. College for Girls
Pillu Khera (Jind)

## Govt.College For Girls,Pillukhera (Jind)

Quiz Competition on Constitution Day (26.11.2022) Organized by Dept. of Pol. Science/Legal Literacy cell/NSS

### Activity Report

राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा, जींद में राजनीतिक विज्ञान विभाग, लीगल लिटरेसी सेल और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भारतीय राजव्यवस्था, हरियाणा सामान्य ज्ञान,करंट अफेयर आदि विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता का प्रारंभ प्राचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता जी के संबोधन से हुआ। प्राचार्य महोदय ने इस प्रकार के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष व प्रभारी को बधाई दी तथा छात्राओं को इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में दिन प्रतिदिन इस प्रकार की गतिविधियों को आयोजित कराने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के विषय ज्ञान में बढ़ोतरी के साथ- साथ छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है ताकि छात्राएं महाविद्यालय में अध्ययन के साथ साथ पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में अपने लिए रोजगार के उचित अवसर तलाश सके। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती रविंद्र ने छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्राचार्य महोदय का धन्यवाद किया और बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से उनका उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संविधान के सिद्धांतों और आदर्शों से परिचित करवाना है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 28 छात्राओं ने 9 टीमों के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राएं तनु,मानसी और मुस्कान के ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर स्नातक तृतीय वर्ष की छात्राएं मुस्कान प्रियंका, निकिता और संतोष रही। जबकि काजल, ममता, और उपांशु के ग्रुप ने तृतीय स्थान की प्राप्ति की। प्रतियोगिता के अंत में राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष और प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर रमेश गोयत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना व संवैधानिक विशेषताओं से परिचित करवाना था ताकि छात्राएं संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों, संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को आत्मसात कर सकें। उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्राओं का धन्यवाद किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्राओं का प्रोत्साहित किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार का समस्त सम्मानित स्टाफ उपस्थित रहा।

26.11.22

Convenor

Ravinder

Co- Convenor

Principal